
The
# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

5 - 11– 2022

SATURDAY



## 1. नई दिल्ली में किया गया 'इंडिया केम 2022' का आयोजन




इंडिया केम 2022’ की थीम “विजन 2030: केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स बिल्ड इंडिया” है। यह पेट्रोकेमिकल्स, फिक्की और भारत सरकार के रसायन विभाग द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर रसायन और उर्वरक औऱ नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री भगवंत खुबा और मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद होगें। इड़िया केम 2022 रसायन और उर्वरक क्षेत्र में सतत विकास के लिए सरकार की नीतियों का प्रदर्शन और बात-चीत का राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।
इंडिया केम एशिया प्रशांत क्षेत्र में रसायन और पेट्रोरसायन उद्योग के सबसे बड़े समग्र कार्यक्रमों में से एक है। इड़िया केम 2022 प्रदर्शनी में कई राउंड टेबल कार्यक्रम जैसे- भारतीय रसायन और पेट्रोरसायन पर सम्मेलन, भारत-अमेरिका, भारत-यूरोपीय संघ और भारत-पूर्व-एशिया और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के रसायन और पेट्रोकेमिकल्स फोरम आयोजित होंगे। इसमें 100 से अधिक भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी लगी है। साथ ही इसमें 15,000 से अधिक व्यापारियों के आने की संभावना है। इस प्रदर्शनी में मुख्य रुप से ईरान, चीन, जापान, यूनाइटेड किंगडम, स्पेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, इटली, ब्राजील,तुर्की और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के प्रदर्शकों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों के रूप में भाग ले रहे हैं।
इंडिया केम 2022 का मुख्य उद्देश्य देश के रसायन उद्योग में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, इस क्षेत्र में निवेश और “मेक इन इंडिया” को बढ़ावा देना है। रसायन क्षेत्र में निवेश, नवाचार ,बुनियादी ढ़ाचे और वैश्विक स्तर पर भारत को अधिक मजबूत बनाने के लिए इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। रासायनिक उद्योग देश के औद्योगिक और कृषि विकास का मुख्य आधार है और भारत में रसायन और पेट्रोकेमिकल उद्योग आर्थिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत ने रसायन उद्योग के निर्यात में वर्ष 2013-14 की तुलना में 2021-22 में 106 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की है। 2021-22 के लिए भारत में रसायनों का निर्यात 29,296 मिलियन अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड पर पहुंच गया है, जबकि 2013-14 में भारत का रासायनिक निर्यात 14,210 मिलियन अमेरिकी डॉलर था।

## 2. अडानी ग्रुप ने गुजरात में देश की सबसे बड़ी और शक्तिशाली विंड टर्बाइन की स्थापित



एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडानी (Gautam Adani) अपने काम से अपनी पहचान बनाने के लिए जाने जाते है. इस बार गौतम अडानी की कंपनी ने देश में सबसे बड़े पवन टर्बाइन बनाकर इतिहास रच दिया है. इसे गुजरात की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (Statue Of Unity) से भी ऊंचा बनाया गया है.
अडानी ग्रुप (Adani Group) की अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (Adani New Industries Limited - ANIL) ने गुजरात के मुंद्रा में इस पवन टर्बाइन को स्थापित किया है. अडानी न्यू इंडस्ट्रीज ने गुजरात के मुंद्रा में देश के सबसे बड़ा पवन टर्बाइन जनरेटर (Wind Turbine Generator-WTG) को स्थापित किया गया है. यह टर्बाइन अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (Adani Enterprises Limited-NIL) की स्वामित्व वाली अनुषंगी मुंद्रा विंडटेक लिमिटेड (Mundra Windtech Limited- MWL) द्वारा स्थापित किया है.
एमडब्ल्यूएल (MWL) के मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) मिलिंद कुलकर्णी का कहना है कि, 'प्रोटो असेंबली 19 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरी हो गई. अब इसे स्थापित करके चालू किया गया है. 200 मीटर लंबे पवन टर्बाइन की

बिजली उत्पादन क्षमता 5.2 मेगावॉट है और यह लगभग 4,000 घरों को आसानी से बिजली उपलब्ध करा सकता है. यह देश में सबसे ऊंचा टर्बाइन है. यह टर्बाइन 182 मीटर की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से भी ऊंचा निकल गया है. इसके ब्लेड 78 मीटर के है, जंबो जेट के पंखों से भी बड़े है. इस प्रकार यह बिजली उत्पादन के मामले में सबसे बड़ा पवन टर्बाइन है और इसका रोटर व्यास 160 मीटर है. इस पवन टर्बाइन जनरेटर की हब ऊंचाई 120 मीटर है, जो 40 मंजिला इमारत के बराबर है.

### 3. दिल्ली में खुला देश का पहला महिला मोहल्ला क्लीनिक



दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने आज देश का पहला महिला मोहल्ला क्लीनिक लॉन्च कर दिया है. यहां गर्भवती महिलाओं और स्त्री रोग से जुड़ी सभी तरह की दवाइयां, टेस्ट और अल्ट्रासाउंड मुफ्त होगा. ये क्लीनिक पूरी तरह से महिलाओं और 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए होगा. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य मंत्री मनीष सिसोदिया के साथ आज अपनी विधानसभा नई दिल्ली में पहले महिला मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया.

दिल्ली में इसी तरह के चार महिला मोहल्ला क्लीनिक की शुरुआत होने जा रही है. ये 4 मोहल्ला क्लिनिक नई दिल्ली, महरौली, कोंडली और ओखला विधानसभा में होंगे. इससे पहले पूरी दिल्ली में 521 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक चल रहे हैं. जिसमें महिला और पुरुषों दोनों को ही मुफ्त इलाज दिया जाता है. अब इन्हें मिलाकर 525 मोहल्ला क्लीनिक हो जाएंगे.

इस महिला मोहल्ला क्लीनिक में सबसे पहले वेटिंग एरिया बनाया गया है, जहां महिलाओं के बैठने की व्यवस्था है. इसके बाद रजिस्ट्रेशन काउंटर पर एंट्री करनी होगी और इसके बगल में डॉक्टर का रूम मौजूद हैं. डॉक्टर के रूम के सामने ही मेडिसिन डेस्क मौजूद है.

### 4. भारत के प्रथम मतदाता ने पहली बार घर से किया मतदान



स्वतंत्र भारत के पहले मतदाता श्याम सरण नेगी ने कल्पा में अपने घर से पहली बार बैलेट पेपर से 14वीं विधानसभा के लिए मतदान किया। वोट डालने के बाद श्याम सरण ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व होता है। हम सभी को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। पीएम मोदी ने भी देश के सबसे उम्रदराज मतदाता नेगी की प्रशंसा की है। पीएम मोदी ने कहा कि इससे नई पीढ़ी के लोग मतदान के लिए प्रेरित होंगे।

गौरतलब है कि पहले नेगी ने कहा था कि वह मतदान केंद्र में जाकर मतदान करेंगे, लेकिन स्वास्थ्य ठीक न होने के चलते घर से ही वोट डालना पड़ा। 34वीं बार मतदान करने वाले नेगी ने पहली बार बुधवार को डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डाला। जुलाई 1917 में जन्मे नेगी ने 1951 से लेकर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव में मतदान किया है। 2014 से हिमाचल के चुनाव आइकन भी हैं। नेगी ने 1951 से हर चुनाव में मतदान किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने भी शतायु वोटर श्याम सरन नेगी को मतदान करने पर बधाई दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि नेगी को उनके घर के प्रांगण में बने डाक बूथ तक लाने के लिए रेड कारपेट बिछाया गया था। मतदान के बाद उनके वोट को एक लिफाफे में बंद कर मतपेटी में डाल दिया गया। श्याम सरण नेगी को टोपी और मफलर भेंट कर सम्मानित किया गया। कहा कि श्याम सरण नेगी न केवल हिमाचल, बल्कि देश के आइकन हैं। हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। 106 वर्ष की आयु होने के बाद भी मतदान करने के प्रति उनका जज्बा इस बात का प्रमाण है

कि लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में एक-एक मत की कितनी महत्ता है।

### 5. फिक्की के नए अध्यक्ष चुने गए सुभ्रकांत पांडा




फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने सुभ्रकांत पांडा को अपना अगला अध्यक्ष नियुक्त किया। इंडियन मेटल्स एंड फेरो अलॉयज लिमिटेड (आईएमएफए) के प्रबंध निदेशक पांडा वर्तमान में फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। फिक्की ने यहां जारी एक बयान में कहा है कि पांडा 16-17 दिसंबर को होने वाली 95वीं एजीएम के समापन पर शीर्ष चैंबर के अध्यक्ष के रूप में संजीव मेहता का स्थान लेंगे। पांडा ने कहा मैं संस्थान को चलाने के लिए इसे एक विशेषाधिकार मानता हूं। पांडा दो दशकों से फिक्की में सक्रिय हैं। वह फिक्की ओडिशा राज्य परिषद के पहले अध्यक्ष थे।

आईएमएफए ने कहा कि पांडा फिक्की का नेतृत्व करने वाले ओडिशा के पहले उद्योगपति हैं। उत्कल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रमुख ब्रह्मानंद मिश्रा ने सुभ्रकांत पांडा को फिक्की का अध्यक्ष चुनने पर बधाई दी हैं।

### 6. भारत की मेंस स्क्वैश टीम ने एशियन टीम स्क्वैश चैंपियनशिप में जीता पहली बार गोल्ड मेडल




अनुभवी सौरव घोषाल की अगुवाई में भारतीय पुरूष टीम ने एशियाई स्क्वाश टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में कुवैत को 2 . 0 से हराकर पहली बार स्वर्ण पदक जीत लिया । स्टार खिलाड़ी घोषाल ने भारत की जीत तय की । इससे पहले रमित टंडन ने अली अरामजी को 11 . 5, 11 . 7, 11 . 4 से हराकर भारत को बढत दिलाई थी । घोषाल ने अम्मार अल्तामिमि को 11. 9, 11 . 2, 11 . 3 से हराया । अभय सिंह और फालाह मोहम्मद के बीच तीसरा मैच खेलने की जरूरत ही नहीं पड़ी । भारतीय टीम ने पिछले दो सत्रों में रजत पदक जीता था । शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने पूल ए में कतर, पाकिस्तान, कुवैत, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपै को हराने के बाद सेमीफाइनल में मलेशिया को 2 . 1 से मात दी थी । महिला टीम सेमीफाइनल में मलेशिया से 1 . 2 से हार गई और उसे कांस्य से संतोष करना पड़ा । महिला टीम पूल बी में दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रही थी । उसने ईरान और सिंगापुर को हराया लेकिन हांगकांग से हार गई ।

### 7. बेंजामिन नेतन्याहू होंगे इजरायल के अगले प्रधानमंत्री



इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक बार फिर से इजराइल के प्राइम मिनिस्टर बनेंगे। Times Of Israel के अनुसार Benjamin Netanyahu ने बहुमत के साथ चुनाव जीता है और सत्ता में वापसी कर ली है. 3 नवंबर को हुए फ़ाइनल राउंड के चुनाव की काउंटिंग में बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 120 सीटों में से 64 में जीत मिली, उन्हें सत्ता कायम करने के लिए सिर्फ 61 सीटों की जरूरत थी. इजराइल में पिछले 3 सालों में 5 बार प्रधानमंत्री चुनाव हुए हैं. जिसके बाद बेंजामिन नेतन्याहू की पार्टी ने पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाई है.

73 साल के बेंजामिन नेतन्याहू तीसरी बार इजराइल देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनका पहला टर्म 1996 से 1999 और फिर 2009 से 2021 तक चला था. वह 15 साल तक इजराइल के पीएम रह चुके हैं. 15 नवंबर को वह फिर से इजराइली प्राइम मिनिस्टर पद की शपथ लेंगे। दरअसल 2019 में बेंजामिन नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे जिसके बाद उनकी पार्टी कमजोर हो गई थी और वह चुनाव हार गए थे.

प्रधानमंत्री मोदी भारत के पहले पीएम थे जो इस्लामिक देशों की बिना फ़िक्र किए पहली बार इजराइल दौरे पर गए थे इसके बाद बेंजामिन नेतन्याहू भी भारत आए थे. जब बेंजामिन पहली बार भारत आए तो खुद पीएम मोदी ने अपना प्रोटोकॉल तोड़ते हुए उन्हें एयरपोर्ट में रिसीव करने के लिए गए थे. जिसके बाद दोनों नेताओं में गहरी दोस्ती हो गई थी.

### 8. नागालैंड में शुरू की गई पहली बार पक्षियों की गिनती



नागालैंड अपने प्राकृतिक आवास में पक्षियों के संरक्षण को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के प्रयास में, 4-7 नवंबर से पहले पक्षी प्रलेखन कार्यक्रम - 'तोखु इमोंग बर्ड काउंट (टीईबीसी)' की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह आयोजन वोखा वन प्रभाग और संभागीय प्रबंधन इकाई, नागालैंड वन प्रबंधन परियोजना (एनएफएमपी), वोखा और बर्ड काउंट इंडिया के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एक सार्वजनिक पक्षी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और पक्षियों के व्यापक विवरण पर विचार किया जाएगा ताकि पक्षी संरक्षण पर छात्रों के बीच जागरूकता पैदा की जा सके। घटना के दौरान वुडलैंड के माध्यम से एक बर्डवॉक भी संभव है। यह बच्चों को पक्षियों और प्रकृति से जोड़ने का एक बेहतरीन अवसर साबित होगा।

नागालैंड के बाहर के पक्षी जो इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे उपरोक्त दिशानिर्देशों का पालन कर सकते हैं, हालांकि एक अतिरिक्त कदम है कि आप अपनी चेकलिस्ट को eBird UserID: 'tokhuemong' के साथ साझा करें। हालांकि, सुबह जल्दी गिनती अधिक उत्पादक होगी, पक्षी आमतौर पर दिन के मध्य में शांत और निष्क्रिय हो जाते हैं।

लोथा नागाओं के कटाई के बाद के त्योहार तोखु इमोंग के बाद इस कार्यक्रम को डब किया गया है। तोखु इमोंग धन्यवाद, साझा करने और मेल-मिलाप का त्योहार है। इस त्यौहार का सबसे सुंदर पहलू है पिछले विद्वेषों को क्षमा करना, नए संबंध विकसित करना और घनिष्ठ आत्मीयता के बंधन।

### ONE LINER

**किस मंत्रालय ने 2020-21 के लिए परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स जारी किया है** - शिक्षा मंत्रालय

**निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने बैंक के ग्राहक को स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करने के लिए किस बैंक के साथ अपनी कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की घोषणा की है** - IDFC फर्स्ट बैंक

**भारत ने किस देश के साथ आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए है** - ऑस्ट्रेलिया

**'Operation Vigilant Storm' अमेरिका और किस देश के बीच आयोजित एक रक्षा अभ्यास है** - दक्षिण कोरिया

**कौन सा भारतीय क्रिकेटर नवंबर 2022 में T-20 अंतर्राष्ट्रीय में दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बन गया है** - सूर्यकुमार यादव

**रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने चरण-II बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस इंटरसेप्टर AD-1 मिसाइल का सफल पहला उड़ान परीक्षण किया। हाल ही में DRDO के अध्यक्ष कौन हैं** - डॉ. समीर वी. कामत

**प्रसिद्ध महिला अधिकार कार्यकर्ता और स्व-रोजगार महिला संघ की संस्थापक, जिसका हाल ही में निधन हो गया** - इला भट्ट

किस केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में 'शिल्प समागम - 2022' का उद्घाटन किया - डॉ. वीरेंद्र कुमार

**QUIZ**

1. किस मंत्रालय ने 2020-21 के लिए परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स जारी किया है?
a) शिक्षा मंत्रालय
b) बाल विकास मंत्रालय
c) उद्योग मंत्रालय
d) परिवार कल्याण मंत्रालय
शिक्षा मंत्रालय ने 2020-21 के लिए परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स जारी किया है। यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूलों की शिक्षा प्रणाली का साक्ष्य-आधारित व्यापक विश्लेषण है। परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स का मुख्य उद्देश्य साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को बढ़ावा देना और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए पाठ्यक्रम सुधार को रेखांकित करना है।

2. हाल ही में निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने बैंक के ग्राहक को स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करने के लिए किस बैंक के साथ अपनी कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की घोषणा की है?
a) HDFC बैंक
b) IDFC फर्स्ट बैंक
c) ICICI बैंक
d) AXIS बैंक
निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (जिसे पहले मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के नाम से जाना जाता था) ने IDFC फर्स्ट बैंक के साथ अपनी कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की घोषणा की। यह बैंक के ग्राहकों को स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करेगा। बैंक एश्योरेंस एक बैंक और एक बीमा कंपनी के बीच एक ऐसी व्यवस्था है जिसके माध्यम से बीमाकर्ता अपने उत्पादों को बैंक के ग्राहकों को बेच सकता है।

3. भारत ने किस देश के साथ आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए है?
a) ऑस्ट्रेलिया
b) अमेरिका
c) इटली
d) जापान
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ वर्चुअल बैठक की। यह बैठक IndAus ECTA (India-Australia Economic Cooperation and Trade Agreement) के अनुसमर्थन की स्थिति पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी, जिस पर अप्रैल 2022 में हस्ताक्षर किए गए थे।

4. कौन सा भारतीय क्रिकेटर नवंबर 2022 में T-20 अंतर्राष्ट्रीय में दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बन गया है?
a) रोहित शर्मा
b) ऋषभ पंत
c) सूर्यकुमार यादव
d) विराट कोहली
भारत के सूर्यकुमार यादव 2 नवंबर 2022 को T-20 अंतर्राष्ट्रीय में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गया है। सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को पछाड़कर T-20 बल्लेबाजों की ICC पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। नवीनतम ICC रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव ने 863 अंक और रिजवान ने 842 अंक अर्जित किए हैं। सूर्यकुमार यादव ने 14 मार्च 2021 को इंग्लैंड के खिलाफ ICC इंटरनेशनल में पदार्पण किया था।

5. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने चरण-II बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस इंटरसेप्टर AD-1 मिसाइल का सफल पहला उड़ान परीक्षण किया। हाल ही में DRDO के अध्यक्ष कौन हैं?
a) उपेन्द्र कुमार सिंह
b) हरि बाबू श्रीवास्तव
c) डॉ. शैलेंद्र वी गड़े
d) डॉ. समीर वी. कामत
रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने 2 नवंबर 2022 को ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से चरण-II बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस इंटरसेप्टर AD-1 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया। AD-1 (वायु रक्षा) एक लंबी दूरी की इंटरसेप्टर मिसाइल है जिसे लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों और विमानों के कम एक्सो-वायुमंडलीय और एंडो-वायुमंडलीय अवरोधन दोनों के लिए डिज़ाइन किया गया है। रक्षा

अनुसंधान और विकास संगठन के अध्यक्ष - डॉ. समीर वी. कामत।

**6. प्रसिद्ध महिला अधिकार कार्यकर्ता और स्व-रोजगार महिला संघ की संस्थापक, जिसका हाल ही में निधन हो गया?**

a) इला भट्ट
b) ममता भूपेश
c) संतोष शर्मा
d) शंकुतला गुप्ता

प्रसिद्ध महिला अधिकार कार्यकर्ता और स्व-रोजगार महिला संघ की संस्थापक इला भट्ट का 2 नवंबर 2022 को निधन हो गया। 1972 में इला भट्ट द्वारा स्थापित, स्व-रोजगार महिला संघ महिलाओं के लिए काम करने वाली सबसे बड़ी सहकारी समितियों में से एक है, जिसके लगभग 18 राज्यों के दो मिलियन से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने 1979 में महिला विश्व बैंकिंग की सह-स्थापना भी की। उन्हें 1985 में पद्म श्री और 1986 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

**7. किस केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में 'शिल्प समागम - 2022' का उद्घाटन किया?**

a) अजय कुमार भल्ला
b) डॉ. वीरेंद्र कुमार
c) अपूर्व चंद्र
d) पीयूष गोयल

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 2 नवंबर 2022 को नई दिल्ली में 'शिल्प समागम-2022' का उद्घाटन किया। शीर्ष निगमों के लाभार्थियों को समागम में अपने हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए आमंत्रित किया गया है। 15 दिनों के शिल्प समागम-2022 (1-15 नवंबर) विपणन प्रदर्शनी के दौरान, 19 विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उत्पाद प्रदर्शन और बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

**8. हाल ही में केरल के किस शहर में 4 नवंबर 2022 को अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो का 15वां संस्करण शुरू हुआ?**

a) तिरुवनंतपुरम
b) कालीकट
c) कोच्चि
d) कोट्टायम

केरल में, अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो का 15वां संस्करण 4 नवंबर 2022 को कोच्चि में शुरू हुआ। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन संयुक्त रूप से तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह बैठक 'आजादी@75 - सस्टेनेबल आत्मनिर्भर अर्बन मोबिलिटी ' विषय पर केंद्रित होगी।

**9. हाल ही में खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया है?**

a) संजय कुमार
b) संजीव कुमार
c) शैलेंद्र सिंह
d) संजीव चोपड़ा

संजीव चोपड़ा ने खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने उद्योग, सामान्य प्रशासन, कृषि और गृह विभागों में भी सरकार के सचिव के रूप में कार्य किया। उन्हें सरकार द्वारा वर्ष 2020 और 2021 में डिजिटल परिवर्तन के लिए सरकारी प्रक्रिया री-इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था।

**10. हाल ही में 'Operation Vigilant Storm' अमेरिका और किस देश के बीच आयोजित एक रक्षा अभ्यास है?**

a) जर्मनी
b) दक्षिण कोरिया
c) कत्तर
d) उत्तरी कोरिया

'Operation Vigilant Storm' अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच आयोजित एक रक्षा अभ्यास है। इस अभ्यास का उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने विरोध किया है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की वायु सेना विभिन्न हवाई ऑपरेशन जैसे स्ट्राइक पैकेज उड़ानें, वायु रक्षा, और आपातकालीन हवाई अवरोधन का संचालन करके परिचालन क्षमताओं को बढ़ाएगी।